हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 7 मई 2025

06 टीकमगढ़ शहर में चला नाली सफाई अभियान...



07 10वीं की छात्रा प्रयांशी ने किया नाम रोशन एमपी की...





## खबर संक्षेप

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने देवश्री दूध प्लांट का किया निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार चलाए गए मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारी केसली, तहसीलदार केसली, खाद्य सुरक्षा अधिकारी केसली के साथ देवश्री दूध प्लांट का निरीक्षण किया गया। प्लांट में मौजूद उत्पादों एवं दूध का लैब में परीक्षण कराया गया, परीक्षण में दूध सही पाया गया। प्लांट में साफ सफाई करने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैम्पलिंग की गई तथा आवश्यक कार्यवाही की गई।

### जनसुनवाई में हुई 181 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 181 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जी आर, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 181 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

### अवैध परिवहन करने पर दो डंपर को किया जब्त

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर अवैध रूप से परिवहन एवं मिलावट करने वालों पर करवाई की जा रही है इसी परिपेक्ष में एसडीएम भव्या त्रिपाठी के द्वारा तहसीलदार विकास सिंह के द्वारा देवरी अनुविभाग में पुलिस की सहयोग से कार्रवाई की जा रही है भव्या त्रिपाठी ने बताया कि डंफर क्रमांक एमपी 49 जेडके 7299 मनु किलेदार क्रेसर से अवैध गिट्टी परिवहन करने के कारण जप्त कर पुलिस थाना में अभिरक्षा में रखा गया।इसी प्रकार डंफर क्रमांक एमपी 15 जेडके 9320 लखन सिंह के क्रेसर से अवैध गिट्टी परिवहन करने के कारण जप्त कर पुलिस थाना में अभिरक्षा में रखा गया।

### कलेक्टर के आदेश के उल्लंघन पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने विगत दिवस सुनार नदी के जल जिससे रहली क्षेत्रांतर्गत नगर की पेयजल की जलापूर्ति होती है के पेयजल से भिन्न अन्य उपयोग पर रोक लगाने का आदेश दिया था। रोक लगाने के बाबजूद किसानों के द्वारा मोटर पंप लगा कर सुनार नदी का पानी कृषि कार्य में उपयोग किया जा रहा था इसके संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रहली के निर्देशन में जांच दल के साथ राजस्व हल्का पटवारी, विद्युत विभाग, एवं पुलिस दल के साथ सुनार नदी किनारे ग्राम दोडा के पास पेयजल से भिन्न सिंचाई उपयोग हेतु लगाई गई मोटर पंपो की जप्ति की कार्यवाही की गई जिसमें 09 नग मोटर पंपों को जप्त किया गया। उपरोक्त दल प्रभारी शिवराम साहू, उपयंत्री के साथ महेश सिंह ठाकुर, पलास बाघमारे, हल्का पटवारी, शीतल जाटव, विद्युत विभाग, एवं पुलिस कर्मचारी आदि मौके पर उपस्थित रहें।

### पंचायत निर्वाचन हेतु मॉक पोल संपन्न

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरी निकाय/ पंचायत निर्वाचन की पेपरलेस निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपादित कराए जाने हेतु पेपरलेस बूथ के माध्यम से निर्वाचन इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम से पंचायत निर्वाचन हेतु मॉक पोल की प्रक्रिया दोपहर 12:00 बजे से संपन्न कराई गई जिसमें कलेक्टर कार्यालय के समस्त कर्मचारियों द्वारा मॉक पोल की कार्यवाही में हिस्सा लिया गया।

## रंग लाई कड़ी मेहनत, गत वर्ष से 20 प्रतिशत अधिक रहा परीक्षा परिणाम

# 10वीं, 12वीं परीक्षा में प्रदेश में प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यार्थियों ने जिले को किया गौरवान्वित: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं एवं बारहवीं परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। परिणाम की घोषणा होते ही साल भर कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों की मेहनत सफल हुई। इस वर्ष का परीक्षा परिणाम एक और मायने में खास रहा क्योंकि गत वर्ष की तुलना में दसवीं के परीक्षा परिणाम में 20% की वृद्धि हुई जबकि 12वीं के परीक्षा परिणाम में 15% की। बता दें कि, गत वर्ष दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 56.86 प्रतिशत था जबकि इस वर्ष 76.48 प्रतिशत, वहीं 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम गत वर्ष 58.74 प्रतिशत था और इस वर्ष 73.55 प्रतिशत रहा।

सरकारी स्कूलों का पासिंग प्रतिशत 76.48% रहा। जबकि प्राइवेट स्कूलों का रिजल्ट 73.26% रहा। बता दें कि इस बार जिले से कुल 35,852 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा 27 फरवरी से 19 मार्च के बीच हुई थी।बीना की सुम्बुल प्रदेश की टॉप-5 में बीना की सुम्बुल पिता अकरम खान ने प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया। उसे 496 अंक मिले। सुम्बुल शासकीय उमावि नंबर 1, बीना की छात्रा है। सागर शहर का कोई भी छात्र प्रदेश की मेरिट लिस्ट में जगह नहीं बना सका।

### 4 स्टूडेंट्स प्रदेश की मेरिट लिस्ट में

अंकेश साहू (गणित समूह), सूर्योदय स्कूल महाराजपुर- 500 में से 484 अंक, प्रदेश में आठवां स्थान। शीतल श्रीवास्तव, शासकीय स्कूल बरोदियाकलां - 482 अंक, प्रदेश में दसवां स्थान। निधि अहिरवार (जीव विज्ञान समूह), विश्व भारती स्कूल- 478 अंक, प्रदेश में छठवां स्थान।हुडा रंगरेज, उत्कृष्ट स्कूल- 477 अंक, प्रदेश में सातवां स्थान।

परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद पंडित रविशंकर स्कूल में विद्यार्थी पहुंचे। उन्होंने अच्छा परिणाम आने पर खुशियां मनाई। स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों ने अच्छा परिणाम लाने वाले बच्चों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। स्कूल में कक्षा 12वीं के मैथ्स ग्रुप में टॉप करने वाली छात्रा आयुषी सोनी ने बताया कि उनके 92 प्रतिशत अंक आए हैं। आयुषी ने कहा कि स्कूल में चल रही केवायएस योजना के तहत टाइम टेबल दिया गया था। जिसको देखते हुए पढ़ाई की। शिक्षकों ने पढ़ाई कराई। घर आकर भी शिक्षक पढ़ाते थे। नियमित पढ़ाई करने से सफलता मिला है। विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई करना चाहिए।उल्लेखनीय है कि परीक्षा परिणाम में हुई इस वृद्धि में कलेक्टर संदीप जी आज की सतत निगरानी और परिणाम मूलक मार्गदर्शन की विशेष भूमिका रही। उन्होंने लगातार शिक्षा विभाग की समीक्षा की, बच्चों से सतत संवाद रखा और समय समय पर उन्हें मार्गदर्शन भी दिया। कलेक्टर संदीप जी आर ने मंगलवार को कलेक्टर सभा कक्ष में प्रवीण्य सूची में स्थान पाने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में पूरे प्रदेश में जिले का नाम रोशन करने वाले ऐसे सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया है।कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों का सम्मान किया साथ ही विद्यार्थियों सहित उनके परिजनों, शिक्षकों से संवाद भी किया। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए उनके भविष्य के लक्ष्य, तैयारियों पर भी चर्चा की।

### असफल रहे छात्र निराश ना हो, यह अंत नहीं है, मौके और भी हैं : कलेक्टर



कलेक्टर संदीप जी आर ने ऐसे विद्यार्थियों जो किन्हीं कारण वर्ष परीक्षा में सफल नहीं हो पाए उनसे निराश न होने की और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह अंत नहीं है, बल्कि मौके और भी हैं। शासन के निर्देश अनुसार एक बार पुनः जून में परीक्षा आयोजित की जाएगी इसमें असफल रहे विद्यार्थी परीक्षा दे सकते हैं। जिसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि असफलता के कारण उत्पन्न होने वाले मानसिक तनाव और मनोदशा के लिए स्मार्ट सिटी के आई ट्रिपल सी के माध्यम से मनोचिकित्सक और काउंसलर भी उपलब्ध हैं , जिनसे संपर्क कर विद्यार्थी अपनी समस्या का हल प्राप्त कर सकते हैं। सम्मान समारोह के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक और विद्यार्थियों सहित अभिभावक मौजूद थे।



### विश्वविद्यालयः महिलाओं के बौद्धिक विकास पर केंद्रित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय की वूमेन लीड डेवलपमेंट कमेटी (डब्लूएलडीसी) के तत्वावधान में रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास में 'महिलाओं पर, महिलाओं के लिए, महिलाओं द्वारा,' विषय पर एक ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं डब्लूएलडीसी की चेयरपर्सन प्रो. वंदना सोनी के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रितु यादव ने की। संयोजन डॉ. शालिनी चौथीरानी (सदस्य, डब्लूएलडीसी) और डॉ. शिवानी खरे के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास, निवेदिता छात्रावास और सरस्वती छात्रावास की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चार टीमों के बीच हुए इस ज्ञानपूर्ण प्रतिस्पर्धा में टीम सी (रानी कुमारी, अनुष्का सिंह, अंजू कपाड़िया) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि टीम बी (अनुराधा रानी, अवन्ति, शिखा त्रिपाठी) और टीम डी को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत 14 मई को किया जाएगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

म.प्र.शासन के आदेशानुसार नगर निगम द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह / निकाह सम्मेलन की तिथि में परिवर्तन किया गया है अब 15 मई के स्थान पर 14 मई को अंबेडकर वार्ड स्थित श्री बालाजी मंदिर परिसर में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा । नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने योजना प्रभारी को सामूहिक विवाह सम्मेलन की सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के संबंध में आवेदन पत्रों का पंजीयन नगर पालिक निगम कार्यालय की योजना शाखा में 09 मई तक कराया जा सकता है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में शामिल होने हेतु वर-वधु की पात्रता की शर्तें में आवेदक म.प्र. का निवासी हो व म.प्र में निवासरत हो। कन्यादान हेतु वर की आयु 21 वर्ष एवं वधु की आयु कम से कम 18 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है। वर-वधु की समग्र परिवार आई डी एवं स्वयं की समग्र आई डी होना आवश्यक है। वधु का बचत खाता नंबर (बैंक का नाम शाखा का नाम आई एफ एस सी कोड) पासबुक की स्पष्ट छायाप्रति। वर- वधु का आयु संबंधी प्रमाण पत्र ,जन्म प्रमाण पत्र, अंक सूची, मेडीकल बोर्ड का प्रमाण पत्र आदि मान्य होंगे) आवेदन के साथ संलग्न होना आवश्यक है।


वर-वधु के पासपोर्ट साईज के रंगीन 2-2 फोटो, यदि कन्या ( वधु ) अन्य निकाय की है. तो आवेदन फार्म संबंधित निकाय के अधिकारी द्वारा प्रमाणित होना अनिवार्य है। साथ समग्र पोर्टल पर दर्ज करायें। वर का शौचालय उपलब्धता प्रमाण पत्र एवं छायाप्रति होना आवश्यक है। अविभावक का मोबाईल नंबर पंचनामा (2) गवाह मय आधार कार्ड एवं कर संग्राहक का प्रमाणी करण),अविवाहित का प्रमाणीकरण ग्राम पंचायत सचिव/वार्ड कर संग्राहक द्वारा, वर-वधु आयकर दाता न हो। कन्या/अविभावक का वोटर कार्ड, आधार कार्ड ,आई डी प्रूफ आवश्यक है। यदि वर-वधू निःशक्त श्रेणी की है तो निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजनांतर्गत आवेदन भी प्रस्तुत करें। प्रोत्साहन योजनांतर्गत आवेदन व कल्याणी (विधवा) होने पर कल्याणी विवाह का आवेदन,अगर वधु श्रम विभाग के अंतर्गत (मजदूरी कार्ड) म.प्र. भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीकत है। तो श्रम कार्ड संलग्न करें। आवेदकों द्वारा समस्त दस्तावेजों की छायाप्रतियां सुस्पष्ट होने पर आनलाइन आवेदन किया जा सकेगा।

## पेपरलेस चुनाव हेतु इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम का सफल प्रदर्शन

# मॉक पोल पेपरलेस चुनाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान आगामी स्थानीय चुनावों को और अधिक सुगम, पारदर्शी एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। स्थानीय निर्वाचन, सागर द्वारा इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम का सफल प्रदर्शन एवं मॉक पोल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर सहित विभिन्न दलों के प्रतिनिधिगण, मीडियाकर्मी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उपस्थित लोगों को इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम की कार्यप्रणाली से अवगत कराना था, जिसके तहत मतदान प्रक्रिया को पूर्णतः पेपरलेस बनाने की परिकल्पना की गई है। इस सिस्टम में मतदाता पहचान, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का संचालन, मतदान कर्मियों का प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को डिजिटल माध्यम से एकीकृत किया गया है।

डा. अमर कुमार जैन ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान, सिस्टम के विभिन्न पहलुओं जैसे मतदाता सूची का कम्प्यूटर के माध्यम से सत्यापन, बूथ पर विभिन्न प्रपत्रों का संधारण, आदि को विस्तार से मास्टर ट्रेनर आनंद मंगल बोहरे, तकनीकी जानकारी मनीष माहौर, मुकेश पटेल, ईव्हीएम द्वारा वोटिंग प्रक्रिया को परमानंद सेन द्वारा विस्तारपूर्वक समझाया गया। स्थानीय निर्वाचन पर्यवेक्षक बेनीप्रसाद प्रजापति द्वारा मॉक पोल हेतु समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। उपस्थित लोगों ने इस आधुनिक तकनीक के उपयोग से मतदान प्रक्रिया की गति, सटीकता एवं सुरक्षा में होने वाले सुधारों की सराहना की। इसके पश्चात, एक मॉक पोल का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित प्रतिभागियों ने स्वयं डिजिटल माध्यम से वोट डालकर इस नई प्रणाली का अनुभव प्राप्त किया। मॉक पोल के दौरान प्रतिभागियों ने अपने प्रश्न एवं सुझाव भी प्रस्तुत किए, जिनका संबंधित अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया।

एडीएम एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी रूपेश उपाध्याय ने इस अवसर पर कहा कि, यह इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम निश्चित रूप से स्थानीय चुनाव प्रक्रिया में एक क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। यह प्रक्रिया न केवल मानव संसाधनों का सदुपयोग करेगी बल्कि मतदान को अधिक सुगम और त्रुटि रहित भी बनाएगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि, हमारा लक्ष्य है कि आगामी स्थानीय चुनावों में इस सिस्टम को सफलतापूर्वक लागू किया जाए। आज का प्रदर्शन एवं मॉक पोल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम सभी हितधारकों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए इस प्रणाली को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस सफल प्रदर्शन एवं मॉक पोल के आयोजन से यह स्पष्ट होता है कि राज्य निर्वाचन आयोग, मध्यप्रदेश पेपरलेस चुनाव की दिशा में गंभीरता से अग्रसर है और आधुनिक तकनीक का उपयोग कर एक कुशल, पारदर्शी एवं पर्यावरण के अनुकूल चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है।



### सीताराम नाम बैंक प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

**सागर।** मंगलवार को हनुमान, दुर्गा,भैरव धाम मंदिर तहसीली सागर परिसर स्थित श्री सीताराम नाम बैंक में सीताराम नाम लेखन बैंक प्रबंध समिति की बैठक दोपहर एक बजे संपन्न हुई। उक्त जानकारी देते हुये श्री सीताराम नाम बैंक के सहव्यवस्थापक पं ब्रजेश द्विवेदी ने बताया आज की उक्त महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता बैंक मैनेजर पं. गोपालदास शर्मा ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य कि सीताराम नाम लेखन की पूर्ण लेखन पुस्तिकाओ को किस दिनांक में अयोध्या जी पहुँचकर अंतर्राष्ट्रीय श्री सीताराम नाम बैंक में जमा करना है। जिस पर प्रबंध समिति के समस्त पदाधिकारियो की विस्तृत चर्चा उपरांत 25 मई को सागर से 11 सदस्यीय दल सहित अयोध्या जी पहुँचकर 26 मई को श्री रामलला सरकार एवं अयोध्या जी स्थित हनुमान गढ़ी में दर्शन करने के उपरांत लेखन पुस्तिकाओ को राष्टीयकृत बैंक में जमा करेंगें। यह निर्णय सभी प्रबंध समिति के सदस्यो की सहमति से लिया गया। पं ब्रजेश द्विवेदी ने बताया कि अभी तक 13 साल में 17 सवा करोड़ के संकल्प पूर्ण भक्तो के द्वारा किये जा चुके है। जिसमे 12 सवा करोड़ लेखन जप की पुस्तिकाओ को पूर्व में राष्टीयकृत बैंक में जमा किया जा चुका है। और शेष 5 सवा करोड़ लेखन जप लगभग 3000 पुस्तिकाओ को 26 मई को अयोध्याजी में बैंक में जमा किया जावेगा बैठक में मुख्य रुप से बैंक क्लर्क अंशुल सेन, पं नमन द्विवेदी, पं रामरतन तिवारी पीपरा, विनोद श्रीवास्तव, शिवम तिवारी, मधुसूदन दुबे, रोहित सिंह ठाकुर आदि उपस्तिथ रहे।



### आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में मंगलवार के दिन परियोजना अधिकारी शीतल पटेरिया एवं समस्त सेक्टर पर्यवेक्षको द्वारा संयुक्त रूप से आंगनवाड़ी केंद्रो का सुबह 7:30 बजे औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परासिया केंद्र खुला मिला लेकिन कार्यकर्ता कमला चौरसिया अनुपस्थित मिली केंद्र पर बच्चे नही मिले, जरिया खिरिया में सहायिका रजनी लोधी अनुपस्थित मिली चनौआ बुजुर्ग में कार्यकर्ता उषा विश्वकर्मा अनुपस्थित मिली। कजरावन कार्यकर्ता केशर तिवारी, माधो कार्यकर्ता जानकी घोषी, सहायिका चन्द्र रानी आदिवासी, दतपुरा कार्यकर्ता अभिलाषा नामदेव सहायिका अनिता रैकवार, मगरधा कार्यकर्ता हेमलता कुर्मी सहायिका विद्या रानी रैकवार, पेट्रोल पंप कार्यकर्ता कल्पना मिश्रा सहायिका ममता यादव, खेजरा कार्यकर्ता हेमलता कुर्मी, सहायिका तारा लोधी, खेजरा मिनी कार्यकर्त शारदा ब्राह्मण आदि के केंद्र बन्द मिले उक्त समस्त कार्यकर्ताओं सहायिकाओं पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए नोटिस जारी व मानदेय कटौती की कार्यवाही की जाएगी।




### भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने मनाया अपना 26वां स्थापना दिवस

**सागर।** भारत तिब्बत सहयोग के 26वां स्थापना दिवस अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रांगण में मनाया गया। जिसमें विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी सहभागिता प्रदान की। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य तिब्बत की स्वतंत्रता और कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए जनसमर्थन जुटाना था। सर्वप्रथम मंच के प्रांत अध्यक्ष डॉ. अनिल तिवारी ने अपने उद्बोधन में सभा को संबोधित हुये कहा कि भारत तिब्बत सहयोग मंच की स्थापना 5 मई 1999 को धर्मशाला में वरिष्ठ प्रचारक डॉ. इन्द्रेश कुमार के मार्गदर्शन में की गई थी। तब से यह संगठन तिब्बत की स्वतंत्रता, कैलाश मानसरोवर की मुक्ति और चीन के साम्राज्यवादी विस्तारवाद के विरोध में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है एवं इसके साथ ही यह मंच भारत-तिब्बत सांस्कृतिक संबंधों के संवर्धन के लिए सक्रिय रूप से भी कार्य कर रहा है। और बताया कि तिब्बत कभी चीन का हिस्सा नहीं रहा है और चीन का उस पर कोई अधिकार नहीं है। तिब्बत की स्वतंत्रता के लिए वैश्विक जनजागरण अभियान को तेज करने का आह्वान भी किया स्थापना दिवस के आयोजन में विचार गोष्ठी में सागर नगर के बहुत से समाज सेवी, युवा ईकाई, एवं भारत-तिब्बत सहयोग मंच की जिला सागर ईकाई के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### महाविद्यालय की बाउंड्रीवाल के निर्माण हेतु 2.16 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत

**सागर।** विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने सागर के शासकीय कन्या उत्कृष्ट महाविद्यालय के नवीन भवन की बाउंड्री वाल के निर्माण हेतु प्रस्ताव उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार को दिया था। मंगलवार को मंत्री परमार ने विधायक जैन को 2 करोड़ 19 लाख की स्वीकृति की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि विधायक जैन के प्रयासों से लगभग 13 करोड़ रुपए की लागत से शासकीय कन्या उत्कृष्ट महाविद्यालय का नवीन भवन तैयार किया गया है परंतु भवन में बाउंड्री वाल न होने के कारण अभी असुरक्षा का भाव बना रहता है। चूंकि इस महाविद्यालय की छात्राओं की संख्या काफी ज्यादा है इसलिए कुछ विभाग पुराने भवन और कुछ विभाग यहां संचालित किए जा रहे हैं। विधायक जैन ने दूरभाष पर मंत्री परमार का धन्यवाद व्यक्त किया और महाविद्यालय परिवार को इस उपलब्धि की बधाई दी।

## खबर संक्षेप



### जिला कलेक्टर अवकाश पर, तपस्या परिहार प्रभारी कलेक्टर के रूप में संभालेंगी कमान

**टीकमगढ़।** जिले के कलेक्टर विववे श्रोत्रिय आगामी 12 दिवस के अवकाश पर जा रहे हैं। इस दौरान शासन द्वारा आईएएस अधिकारी तपस्या परिहार को प्रभारी कलेक्टर टीकमगढ़ नियुक्त किया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिए हैं। बताया गया है कि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय 6 मई से 17 मई तक अवकाश पर रहेंगे। उनकी अनुपस्थिति में वर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के पद पर पदस्थ आईएएस तपस्या परिहार जिले के प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेवारी संभालेंगी।

### खरगापुर में मिल रही है उद्योग लगाने की जमीन

**टीकमगढ़।** जिले के खरगापुर औद्योगिक क्षेत्र में अब कारोबार की बुनियाद रखने का सुनहरा मौका मिल रहा है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा इस क्षेत्र में स्थित रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन के लिए 1 मई से लेकर 15 मई तक एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी और विभागीय पोर्टल के माध्यम से संपन्न की जाएगी।आवेदकों को प्रत्येक भूखंड के लिए पाँच हजार रुपये का आवेदन शुल्क जमा करना होगा, जो वापसी योग्य नहीं होगा। इसके साथ ही, जिस भूखंड के लिए आवेदन किया जा रहा है, उसकी कुल प्रचलित दर की 25 प्रतिशत राशि अग्रिम रूप से ऑनलाइन भुगतान करनी होगी। भूखंडों का आवंटन शासन द्वारा निर्धारित नवीनतम नियमों के अंतर्गत किया जाएगा।यह पूरी प्रक्रिया मध्यप्रदेश एमएसएमई औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के अनुसार संचालित होगी। इच्छुक आवेदक विस्तृत दिशा-निर्देश, नियम और रिक्त भूखंडों की जानकारी विभाग की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।प्रदेश सरकार की यह पहल न केवल औद्योगिक विकास को गति देने वाली है, बल्कि स्थानीय युवाओं और नव उद्यमियों के लिए भी एक बड़ा अवसर लेकर आई है। ऐसे में जिले के वे सभी लोग, जो स्वयं का उद्योग स्थापित करना चाहते हैं या व्यापार विस्तार की सोच रखते हैं, इस अवसर का लाभ अवश्य उठाएं।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ की कोशिश

**टीकमगढ़।** थानांतर्गत आने वाले वैसा टपरियन गांव में एक विवाहित महिला से रात में छेड़छाड़ की कोशिश का मामला सामने आया है। महिला ने पति के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि बीती रात उसका पति शादी में शामिल होने बाहर गया था और वह घर पर अकेली थी। छोटे-छोटे बच्चे भी थे। तभी राकेश अहिरवार नाम का युवक घर में घुस आया था।

# टीकमगढ़ शहर में चला नाली सफाई अभियान, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का निरीक्षण

## सीएमओ ओमपाल भदौरिया के नेतृत्व में जवाहर चौराहा से राजमहल तक 200 मीटर नाली की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



**नगर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और अतिक्रमणमुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका प्रशासन द्वारा लगातार सफाई और निरीक्षण कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया के नेतृत्व में आज नगर भ्रमण के दौरान विशेष सफाई अभियान चलाया गया।**

सीएमओ भदौरिया ने जवाहर चौराहा से लेकर राजमहल तक की लगभग 200 मीटर लंबी नाली की सफाई कार्य को स्वयं स्थल पर उपस्थित होकर संपन्न कराया। नाली में लंबे समय से जमी गंदगी को साफ कर शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण देने की दिशा में यह एक प्रभावी कदम माना जा रहा है।

इसके साथ ही हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का निरीक्षण किया गया, जहां सीएमओ ने नाली पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने तथा पूरी नाली की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक परिसंपत्तियों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नगर भ्रमण और निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद हबीब राईन, देवीदयाल अहिरवार, पार्षद प्रतिनिधि सन्नी सोनी, दीपक विश्वकर्मा उपयंत्री, अनिल श्रीवास्तव तथा सफाई हवलदार राकेश बाल्मीकि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।सीएमओ ने सफाई अमले को सख्त निर्देश दिए कि बारिश से पहले सभी प्रमुख नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि शहर में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे नालियों में कचरा न डालें और नगर को स्वच्छ बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।नगर पालिका द्वारा की जा रही यह सक्रियता निश्चित ही आने वाले दिनों में टीकमगढ़ शहर को साफ-सुथरे और बेहतर नागरिक सुविधाओं से युक्त शहर के रूप में स्थापित करेगी।

## टीकमगढ़ में जनसुनवाईः 53 आवेदनों की हुई सुनवाई, त्वरित निराकरण के निर्देश



**टीकमगढ़।** शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त कार्यालय परिसर में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई कक्ष में संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह एवं डिप्टी कलेक्टर एस.के. तोमर ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान हेतु संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश जारी किए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी प्राप्त आवेदनों का 10 दिनों के भीतर प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।जनसुनवाई के दौरान कुल 53 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पेंशन, चिकित्सा सहायता, राशन पर्ची की समस्या, गरीबी रेखा में नाम शामिल करने, सीमांकन, विधवा और दिव्यांग पेंशन, राहत राशि के वितरण, जाति प्रमाण पत्र जैसे विविध विषयों पर शिकायतें दर्ज की गईं।उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा आमजन की समस्याओं को शीघ्र सुलझाने की मंशा से हर सप्ताह जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता से सुनवाई कर आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिलाया गया।

# कुर्राई में वाटर शेड महोत्सव संपन्न जल संरक्षण का लिया संकल्प

## जल ही जीवन, इसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी: डीपीओ वर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जल संरक्षण को लेकर सरकार की पहल अब जनआंदोलन का रूप लेने लगी है। इसी कड़ी में मंगलवार को जतारा जनपद की ग्राम पंचायत कुर्राई में बगाज माता मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं गंगा जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत वाटर शेड महोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर ग्रामवासियों को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि जतारा जनपद सीईओ सिद्ध गोपाल वर्मा ने कहा कि जल संकट से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। जिला वाटरशेड डीपीओ गोविंद वर्मा ने लोगों से अपील की कि जल प्रकृति का अनुपम उपहार है और इसका संरक्षण हम सभी का कर्तव्य है।


कृषि विज्ञान केंद्र से आए वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत खेती, मिट्टी परीक्षण और जैविक खाद-बीज के प्रयोग पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद बच्चों, समाजसेवियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को जल संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जनपद उपाध्यक्ष बृजेश रावत, वाटरशेड प्रभारी अभय सिंह राठौर, कृषि वैज्ञानिक एसके सिंह, यूएस धाकड़, डीपीएम एनआरएलएम, उपयंत्री राहुल गुप्ता, प्रदीप राजपूत सहित समस्त माइक्रो वाटर शेड समिति के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य 'जन सहभागिता से जल स्रोतों का संरक्षण' अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाना रहा।

## ये सिर्फ अंक नहीं, ये भविष्य की उड़ान भी हैं

# टीकमगढ़ जिले के टॉपर्स इन नन्ही प्रतिभाओं को सलाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





मध्यप्रदेश बोर्ड की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम जैसे ही घोषित हुए, टीकमगढ़ जिले की दो बेटियों ने अपने असाधारण प्रदर्शन से पूरे जिले को गर्व से भर दिया। शासकीय एक्सीलेंस स्कूल, टीकमगढ़ की छात्राएं उन्नति अग्रवाल और तान्या साहू ने प्रदेश की मेरिट सूची में चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है।

### बायोलॉजी में उन्नति की उड़ान, प्रदेश में चौथी रैंक

उन्नति अग्रवाल ने बायोलॉजी संकाय में 500 में से 480 अंक अर्जित करते हुए प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया। यह कोई संयोग नहीं, बल्कि उनके लगातार परिश्रम और अनुशासन का प्रतिफल है। उल्लेखनीय है कि उन्नति ने 10वीं कक्षा में भी प्रदेश में तीसरी रैंक प्राप्त की थी। वे शासकीय विद्यालय में पढ़ने वाली उन प्रतिभाओं का उदाहरण हैं, जो सीमित संसाधनों में भी असीम ऊंचाइयों को छू सकती हैं।

**उन्नति का कहना है**

सरकारी स्कूलों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलती है। अगर विद्यार्थी लगन और नियमितता रखें तो सफलता निश्चित है।उन्नति का सपना है डॉक्टर बनने का और उन्होंने नीट परीक्षा भी दी है।

### गणित में गूंजा तान्या का नाम, प्रदेश में पांचवीं रैंक

वहीं इसी स्कूल की छात्रा तान्या साहू, पुत्री बाबूलाल साहू ने गणित संकाय में 487 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया है। तान्या की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे टीकमगढ़ जिले के लिए गर्व का विषय है।तान्या ने बताया कि उन्होंने कठिन विषयों को चुनकर उन्हें चुनौती की तरह लिया और मेहनत को ही सफलता की चाबी माना।

### एक नहीं, तीन बेटियां बनीं प्रेरणा

उन्नति अग्रवाल के परिवार में शिक्षा की मिसाल कायम है। उनकी दोनों बड़ी बहनों ने भी 10वीं और 12वीं में प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। तीनों बेटियाँ, एक ही घर की, एक ही जिले की, और तीनों ने राज्य स्तर पर परचम लहराकर यह सिद्ध कर दिया है कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

### समाज को मिला संदेश – बेटियों को पढ़ाएं, आगे बढ़ाएं


एक ओर जहाँ समाज में लड़कियों की शिक्षा को लेकर तमाम चुनौतियाँ हैं, वहीं उन्नति और तान्या की यह कामयाबी एक जवाब है हर उस सोच को जो बेटियों को सीमित समझती है।

शासकीय विद्यालय की इन होनहार छात्राओं की यह उपलब्धि बताती है कि प्रतिभा संसाधनों की नहीं, संकल्प की मोहताज होती है।

स्कूल प्राचार्य एवं शिक्षकों ने दोनों छात्राओं को सम्मानित करते हुए कहा

यह हमारे लिए गौरव का क्षण है। ये बेटियाँ न केवल स्कूल बल्कि जिले की पहचान बन गई हैं।

### टीकमगढ़ की बेटियों ने बजाया टॉपर्स में डंका





उमा घोष ने 492 अंक के साथ प्रदेश में 9वां स्थान, निहारिका घोष ने 491 अंक पाकर 10वीं रैंक पर चमकीं। दोनों होनहार छात्राएं शासकीय एक्सीलेंस स्कूल, टीकमगढ़ की हैं। बेटियों की इस शानदार उपलब्धि ने न केवल परिवार, बल्कि पूरे जिले को गौरवांवित किया है।

उमा और निहारिका ने यह साबित कर दिया कि सपने छोटे शहरों में भी बड़े होते हैं, और मेहनत से उन्हें पूरा किया जा सकता है। एक ही स्कूल, एक ही शहर, और एक ही परिवार से दो टॉपर्स –ये कोई संयोग नहीं, यह संकल्प, संस्कार और सतत परिश्रम की जीत है।

## आयुष्मान भारत योजना बन चुकी है गरीबों के लिए जीवनदान

# राजेंद्र पार्क बना गवाह–जब जनचौपाल में बोले मंत्रीजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



राजेंद्र पार्क में रविवार को आयोजित जनचौपाल में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर योजनाओं के प्रभाव और अनुभव साझा किए। इस जनसंवाद में भारी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

**सरकार की पहली प्राथमिकता...स्वस्थ समाज :**

जनसंवाद के दौरान डॉ. कुमार ने कहा, "गरीब और वंचित वर्ग के लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा देना हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। आयुष्मान भारत योजना ने लाखों लोगों के लिए जीवन रक्षक की भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि पहले जो व्यक्ति इलाज के अभाव में दम तोड़ देता था, आज वही व्यक्ति बड़े अस्पतालों में बिना खर्च के इलाज करवा पा रहा है।

**मौके पर ही किया समाधानः**

जनचौपाल में मौजूद अधिकारियों को डॉ. वीरेंद्र कुमार ने निर्देश दिए कि हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अन्य योजनाओं की भी जानकारी लें और पात्रता अनुसार उनका लाभ उठाएं।

**सक्रिय सहभागिता और समाधान की पहल :**

जनसंवाद के दौरान भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि संवाद में आयुष्मान कार्ड धारकों ने योजना से मिले लाभों को साझा करते हुए आभार व्यक्त किया। कई लोगों ने बताया कि पहले इलाज का खर्च उठा पाना असंभव था, लेकिन इस योजना ने उन्हें नई ज़िंदगी दी।

**उपस्थित रहे जनप्रतिनिधि और अधिकारी :**

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, एडिशनल एसपी सीताराम सत्या, नगर पालिका सीएमओ ओमप्रकाश भदौरिया, पीके महोर, सौरभ तिवारी, अरविंद खटीक, वीरेंद्र परमार, सचिन खटीक, सुरेश दोंदरिया, गिन्नी यादव, हबीब राइन, स्वप्निल तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने सुनी जनता की बात-अब हर शिकायत का होगा समय पर निराकरण

पुलिस आपके द्वार – शिकायतें सुनीं, समाधान की राह पर कदम!

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिला मुख्यालय सहित समस्त थाना व चौकी क्षेत्रों में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनी गईं और त्वरित निराकरण के लिए संबंधित थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में टीकमगढ़ व जतारा अनुभाग में एसडीओपी तथा सभी थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने परिसरों में जनसुनवाई शिविर लगाए गए। इन शिविरों में सीएम हेल्पलाइन से संबंधित मामलों के अलावा आमजन की अन्य शिकायतों पर भी गंभीरता से सुनवाई की गई। अधिकांश मामलों का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया गया, वहीं शेष प्रकरणों के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया।

जनसुनवाई शिविरों में अधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर शिकायतकर्ताओं की बात सुनी और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इस पहल से आमजन में विश्वास और संवाद की भावना को मजबूती मिली है। पुलिस प्रशासन की इस सक्रियता की नागरिकों ने सराहना की।

# जब रक्षक ही बन जाए शिकारी, थानेदार नहीं सौदागर निकला बल्देवगढ़ का हेड कांस्टेबल



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जहां से न्याय की शुरुआत होनी चाहिए, वहां अब सौदेबाज़ी चल रही है। बल्देवगढ़ थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक बालचंद प्रजापति को लोकायुक्त सागर टीम ने 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह रकम एक एफआईआर से दो नाम हटवाने के एवज में मांगी गई थी।

### घटना का पूरा घटनाक्रम - जब पुलिस ने ही सौदे का प्रस्ताव रखा

24 अप्रैल को पपावनी गांव में मारपीट का एक मामला दर्ज किया गया था। पीड़ित पक्ष से जुड़े छत्रपाल सिंह लोधी से प्रधान आरक्षक ने 10 हजार रुपए की डील तय की, जिससे दो नाम एफआईआर से हटाए जा सकें। पहले 5 हजार रुपए थाने में ही वसूले गए, बाक़ी की रकम के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था।

थक-हारकर छत्रपाल सिंह ने लोकायुक्त सागर से संपर्क किया। 2 मई को शिकायत दर्ज हुई, और उसके बाद लोकायुक्त टीम ने साक्ष्य जुटाने शुरू किए। ऑडियो रिकॉर्डिंग में आरोपी हेड कांस्टेबल की रिश्वत की मांग स्पष्ट रूप से सामने आई। आज बस स्टैंड के पास जैसे ही छत्रपाल ने शेष 5 हजार रुपए सौंपे, लोकायुक्त की टीम ने तुरंत दबिश दी और हेड कांस्टेबल को रंगे हाथ धरदबोचा।

### लोकायुक्त की पुष्टि – रिकॉर्डिंग में रिश्वत की मांग साफ़

डीएसपी संजय जैन ने बताया कि – ऑडियो साक्ष्यों और शिकायत की पुष्टि के बाद आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई पूरी तरह पारदर्शी और साक्ष्य आधारित है।

# वॉइस चेंजर ऐप से बदल रहे आवाज, फिर कर रहे जुर्म, पुलिस ने दी एडवाइजरी

## अब आवाज भी बन गई धोखे का हथियार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



साइबर अपराध का एक नया और खतरनाक रूप सामने आ रहा है। ठग अब मोबाइल एप्लीकेशन की मदद से अपनी असली आवाज छिपाकर महिलाओं, बच्चों या बुजुर्गों जैसी आवाज बना रहे हैं और फिर लोगों को बहला-फुसलाकर बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि ऐसे कई मोबाइल एप्लिकेशन मौजूद हैं, जिनकी मदद से कोई भी अपनी आवाज को पूरी तरह से बदल सकता है। ये एप्लिकेशन आसानी से गूगल प्ले स्टोर या अन्य प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। इन्हीं का इस्तेमाल कर कुछ अपराधी लोगों को कॉल कर रहे हैं कभी महिला बनकर, कभी किसी मासूम बच्ची की आवाज में, तो कभी बुजुर्ग की तरह बोलकर। बातों-बातों में विश्वास जीतते हैं और फिर किसी सुनसान या अज्ञात स्थान पर मिलने बुलाते हैं।

कुछ मामलों में यह भी देखा गया है कि इन नकली आवाजों के जाल में फंसाकर छात्राओं या महिलाओं को बुलाया गया और फिर उनके साथ गंभीर अपराध जैसे लूट या दुष्कर्म की घटनाएं हुईं। इन घटनाओं से यह साफ है कि अब सिर्फ चेहरा नहीं, बल्कि आवाज भी जाल बन चुकी है।

पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है कि किसी भी अनजान नंबर से आई कॉल पर तुरंत विश्वास न करें, खासकर जब वह कॉल किसी सरकारी योजना, पुरस्कार, या मदद के बहाने की जाए। अगर कोई व्यक्ति आपका परिचित बनकर बात करता है और उसकी आवाज असामान्य या बनावटी लगती है, तो तुरंत सतर्क हो जाइए। सबसे अच्छा तरीका है कि आप कॉल काटें और उसी व्यक्ति को उसके निजी नंबर पर फोन करके पुष्टि करें।अगर कोई आपको अजनबी स्थान पर बुलाए, तो अकेले न जाएं। जरूरी हो तो अपने किसी विश्वसनीय परिजन या मित्र को साथ लेकर जाएं। और यदि कहीं भी संदेह हो, तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

टीकमगढ़ पुलिस की ओर से आमजन को जागरूक करने की यह कोशिश एक समय पर चेतावनी भी है और सलाह भी अब सिर्फ आंख ही नहीं, कान भी खोलकर चलना जरूरी हो गया है। क्योंकि इस दौर में अपराधी तकनीक के सहारे ऐसी चालें चल रहे हैं, जिनमें सच्चाई और धोखे का फर्क पहचान पाना आसान नहीं रहा।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी को इस तरह की कॉल आए या किसी प्रकार का साइबर अपराध महसूस हो, तो तुरंत पास के थाने, साइबर सेल या 1930 हेल्पलाइन नंबर पर इसकी जानकारी दें।

### श्योपुर जिले का कक्षा 12वीं का रिजल्ट 76.27 प्रतिशत तो कक्षा 10वीं का रिजल्ट रहा 75.43 प्रतिशत

# 10वीं की छात्रा प्रयांशी ने किया नाम रोशन एमपी की टॉपटेन सूची में पाया 7 वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने जारी कर दिया है। श्योपुर जिले का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम जहां 75.43 प्रतिशत रहा है। वहीं कक्षा 12 वीं का रिजल्ट 76.27 प्रतिशत रहा है। खास बात यह है कि इस साल जिले के बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार देखने को मिला है। वहीं विजयपुर की बेटी प्रयांशी गोयल ने कक्षा 10 वीं की प्रदेश स्तरीय टॉपटेन सूची में 7 वां स्थान हासिल करके श्योपुर जिले का नाम प्रदेशभर में रोशन किया है। बालको की तुलना में बालिकाओं का रिजल्ट अच्छा रहा है।

डीईओ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में इस बार जिले के 4 हजार 467 छात्र छात्राएं शामिल हुए थे। इनमें से 3 हजार 47 छात्र छात्राएं पास हो गए है। इस दौरान 2873 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 533 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी, 01 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ है। जबकि 1060 विद्यार्थी फेल हो गए है। इसी प्रकार कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के 6 हजार 189 विद्यार्थी बैठे थे। इनमें से 4 हजार 668 विद्यार्थी पास हुए है। 3483 विद्यार्थियों ने कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा प्रथम श्रेणी, 1182 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी, 03 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण की है। जबकि 1520 विद्यार्थी फेल हो गए है।



### डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करेगी प्रयांशी

कक्षा 12 वीं की प्रदेश स्तरीय टॉपटेन सूची में तो श्योपुर जिले का कोई विद्यार्थी कमाल नहीं दिखा सका है। लेकिन कक्षा 10 वीं की प्रदेश स्तरीय टॉपटेन सूची में विजयपुर की बेटी प्रयांशी पुत्री संतोष गोयल ने 500 अंको में से 494 अंक हांसिल करते हुए सातवां स्थान प्राप्त किया है। प्रयांशी के इस प्रदर्शन से न सिर्फ उसके परिजनों का नाम गौरवांवित हुआ है। बल्कि श्योपुर जिले का नाम भी प्रदेश स्तर पर रोशन हुआ है। विजयपुर के सरकारी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा प्रयांशी ने अपनी इस सफलता का श्रेय परिजनों सहित गुरूजनो को दिया है। साथही डॉक्टर बनकर आमजनता की सेवा करने की इच्छा जताई है। प्रयांशी का कहना है कि वह कक्षा 11 वीं में बॉयलॉजी लेकर डॉक्टर बनने के सपने को साकार करने का प्रयास आरंभ करेगी।

### 12 वीं के रिजल्ट में श्योपुर जिला संभाग में प्रथम

इस साल यह भी एक विशेष बात रही कि कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में श्योपुर जिला ग्वालियर चंबल संभाग में पहले स्थान तथा एमपी में 24 वें स्थान पर रहा है। जबकि कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में श्योपुर का नाम संभाग में दूसरे स्थान तथा प्रदेश में 31 वें स्थान पर रहा है। जबकि मुरैना का नाम पहले स्थान पर रहा है।

### बेटियों ने मारी बाजी, पीछे रह गए बेटे

कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में इस बार भी श्योपुर जिले की बेटियों ने बाजी मारी है। जबकि बेटे बेटियों से पीछे रह गए है। बात कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा की करे तो 73.06 प्रतिशत बालक उत्तीर्ण हुए है। जबकि बालिकाओं के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 78.58 रहा है। कुछ यही स्थिति कक्षा 12 वीं के रिजल्ट में रही है। कक्षा 12 वीं में 80.21 बेटियां उत्तीर्ण हुई है। जबकि 73.37 प्रतिशत बेटे ही पास हो पाए हैं।

### कक्षा 12 वीं की जिला स्तरीय टॉप थ्री सूची में ये रहे शामिल

| विद्यार्थी | स्कूल | प्राप्तांक | विषय | जिले में स्थान |
|---|---|---|---|---|
| बरसाना मीणा | शाउमावि मानपुर | 469 | कला | प्रथम |
| रीना मीणा | शाउमावि मानपुर | 467 | कला | द्वितीय |
| अमन राठौर | राजीवगांधी बडौदा | 472 | गणित | प्रथम |
| नव्या सिंहल | महाराजा अग्रसेन श्योपुर | 469 | गणित | द्वितीय |
| कृष्णा शर्मा | जीडी उमावि विजयपुर | 466 | गणित | तृतीय |
| गुरूसेवक सिंह | उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर | 463 | वाणिज्य | प्रथम |
| नीरज मीणा | उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर | 461 | वाणिज्य | द्वितीय |
| सोनम रावत | शाउमावि ढोढर | 475 | कृषि | प्रथम |

### कक्षा 10 वीं जिला स्तरीय टॉप थ्री सूची में ये शामिल

| विद्यार्थी | स्कूल | प्राप्तांक | जिले में स्थान |
|---|---|---|---|
| साकेत अवस्थी | सिरोनी कॉवेंट स्कूल श्योपुर | 490 | प्रथम |
| शिवम शर्मा | कैरियर फाउंडेशन विजयपुर | 489 | द्वितीय |
| नरेन्द्र राठौर | सरस्वती हाईस्कूल वीरपुर | 487 | तृतीय |

### कक्षा 10 वीं का 26 फीसदी, 12वीं का रिजल्ट 16 फीसदी सुधरा

इस बार 10 वीं और 12 वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम को लेकर जिले का शिक्षा विभाग के अफसर खासे उत्साहित है। उत्साहित होने भी लाजमी है,क्योंकि जिले का कक्षा 10 वीं का रिजल्ट जहां 26 फीसदी से अधिक सुधरा है। वहीं कक्षा 12 वीं के रिजल्ट में 16 फीसदी सुधार देखने को मिला है। बता दे कि पिछले साल जिले का कक्षा 10 वीं का रिजल्ट 49.17 प्रतिशत और कक्षा 12 वीं का रिजल्ट 60.56 प्रतिशत रहा।

### तृतीय अपर सत्र न्यायालय ने निरस्त की आरोपी की अपील

## छेड़छाड़ मामले में आरोपी को भुगतना होगा एक साल का कारावास और दो हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को जेएमएफसी न्यायालय द्वारा सुनाई गई एक साल के सश्रम कारावास और 2 हजार के जुर्माने की सजा को तृतीय अपर सत्र न्यायालय श्योपुर ने यथावत रखते हुए आरोपी की अपील को निरस्त कर दिया है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि आरोपी कमल राठौर पुत्र गुरूचरण राठौर निवासी बडौदा रोड श्योपुर के खिलाफ वर्ष 2018 में एक महिला के द्वारा छेड़छाड़ किए जाने का मामला कोतवाली थाने में दर्ज कराया था। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया था कि आरोपी ने उसके साथ तब छेडछाड कर दी,जब वह सुबह के समय घूमने के लिए गार्डन में पहुंची थी। इस मामले में जेएमएफसी न्यायालय श्योपुर ने सुनवाई करते हुए आरोपी को एक वर्ष के सश्रम कारावास और 2 हजार के अर्थदंड की सजा सुना दी। इस सजा के खिलाफ आरोपी के द्वारा जिला सत्र न्यायालय श्योपुर में अपील दायर की।

इस अपील को सत्र न्यायालय ने सुनवाई के लिए तृतीय अपर सत्र न्यायालय में स्थानांरित कर दिया। तृतीय अपर सत्र न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी की अपील को खारिज करते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास और 2 हजार के अर्थदंड की सजा के जेएमएफसी न्यायालय के आदेश को रखने का निर्णय पारित कर दिया।

## पुर्नमूल्यांकन के लिए 16 तक किए जाएंगे आवेदन

श्योपुर। कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट से असंतुष्ट रहे विद्यार्थी अपनी कॉपियों का फिर से मूल्यांकन कराने तथा अपने कॉपियों की छायाप्रति मंगवाने के लिए आवेदन 16 मई तक निर्धारित शुल्क के साथ कर सकते हैं। बताया गया है कि पहले विद्यार्थी इस तरह के आवेदन रिजल्ट के 15 दिन बाद तक भी कर सकते थे, लेकिन अब माशिमं ने आवेदन करने की अवधि को 15 दिन से घटाकर 10 दिन कर दिया है।

## प्रशासन जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर काम करे: तोमर

### सांसद ने ली दिशा बैठक, दिए विकास की योजनाओं को अमली जामा पहनाने के निर्देश

श्योपुर। मेरा ध्यान कई लोगों खास कर जनप्रतिनिधियों ने शहर और जिले के विकास से जुड़ी कई समस्याओं की ओर आकर्षित कराया है जिनमें कई सरकारी योजनाएं भी शामिल जिनमें थोड़ा सुधार कर उन्हें अधिक जन सुविधा प्रदान करने वाली बनाया जा सकता है। ऐसी ही योजनाओं में शहर के बीचों बीच से गुजर रही निर्माणाधीन सड़क है इस सड़क को नाली टू नाली बनाया जाए तो जन सुविधा बढ़ने के साथ शहर के सौंदर्य करण में बढ़ोत्तरी भी होगी। मुझे जनप्रतिनिधियों ने बताया कि इस तरह के सुझाव उन्होंने प्रशासन को पूर्व में दिए हैं अगर प्रशासन जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर काम करे तो सरकारी काम ओर अधिक जनहितैषी ओर लाभकारी होंगे। यह बात क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने मंगलवार को दिशा बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कही।



सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने पीएमजीएसवाय, एनएच, एमपीआरडीसी एवं पीडब्ल्यूडी विभागो की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि सडको के कार्य गुणवत्ता के अनुरूप किये जायें, सभी संचालित कार्यो को समयावधि में पूर्ण किया जायें। गोरस-शिवपुरी एवं खिरखिरी-ढोढर मार्ग निर्माण के संबंध में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि गोरस-शिवपुरी रोड के लिए वर्कआर्डर जारी हो चुका है तथा प्रथम चरण का कार्य चल रहा है। इसी प्रकार ढोढर-खिरखिरी का कार्य भी संचालित है। इसके साथ ही पीएमजीएसवाय अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2024-25 से 2028-29 की कार्य योजना में श्योपुर विकासखण्ड अंतर्गत 92, कराहल विकासखण्ड अंतर्गत 64 तथा विजयपुर विकासखण्ड अंतर्गत 90 सडको के प्रस्ताव भेजे गये है। इसी प्रकार पीएम जनमन में 21 ओर सडके स्वीकृत हो गई है। बैठक में कलेक्टर अर्पित वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, विधायक श्योपुर बाबू जण्डेल, विजयपुर मुकेश मल्होत्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण, जनपद अध्यक्ष कराहल बत्तो बाई आदिवासी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, डीएफओ सामान्य केएस रंधा, कूनो आर थिरूकुरल, सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## सब्जियों की दुकानों पर चल रहा नपा का बुलडोजर,मांसाहार को कर रहे अनदेखा



श्योपुर। सोमवार को नगरपालिका मदाखलत अमले ने सड़क किनारे लगे सब्जी के ठेले और स्टालों को नगर पालिका ने बुलडोजर चलाकर तोड़ फोड़ने ओर कई गुमठियों को जप्त करने की कार्रवाई की। इसके इतर शहर जगह जगह मांस, मछली अंडा का व्यवसाय खुले में सरेआम हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा इस तरह के मांसाहार को खुले में विक्रय करने पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं पर नगर पालिका मुख्यमंत्री के इन निर्देशों की पालना शहर में कहीं दिखाई नहीं पड़ रही है। इससे सनातनी विचारधारा से जुड़े लोगों में रोष व्याप्त हो रहा है। नगर पालिका ने सोमवार को शिवपुरी रोड पर अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई करते हुए कई गुमठियां और ठेले हटाए जिनमें सब्जियां, फल, चाट इत्यादि के ठेले थे। इस तरह की कार्रवाई नगर पालिका लगातार बाजार में करते दिख रही है लेकिन इस कार्रवाई की जद में फल थे चाट इत्यादि के ठेले ही अधिक आते हैं। खुले में मासाहार के ठेले शायद नगरपालिका अमले को दिखाई नहीं पड़ते। शहर का ऐसा कोई स्थान नहीं जहां पर खुले में अंडा आमलेट बिरयानी का विक्रय नहीं होता हो कोतवाली के सामने, शिवपुरी रोड, गैस एजेंसी रोड, किला रोड, बोहरा बाजार, गणेश बाजार, पुल दरवाजा इत्यादि स्थान है जहां अंडा आमलेट, बिरयानी के ठेले लगे हुए हैं यहां पर मासाहार का सेवन करने वाले न सिर्फ खुलेआम खा रहे हैं बल्कि बचे हुए अवशेषों को सड़कों पर फेंक कर दूसरे धर्म से जुड़े लोगों की धार्मिक आस्थाएं भी हनन कर रहे हैं।

### दिनेश कोतवाली के नए टीआई, संभाला प्रभार

श्योपुर। कोतवाली थाने के नए टीआई अब इंस्पेक्टर दिनेश राजपूत होंगे। दरअसल कोतवाली टीआई सतीश कुमार दुबे स्वास्थ्य संबंधी कारणों के चलते लंबी छुट्टी जाएंगे, इसलिए उन्हें एसपी वीरेन्द्र जैन ने कोतवाली से हटाकर पुलिस लाइन कर दिया है। उनकी जगह पर अजाक थाने का प्रभार संभाल रहे टीआई दिनेश राजपूत को कोतवाली थाने का नया टीआई बना दिया है। एसपी के आदेश के पालन में दिनेश राजपूत ने मंगलवार को कोतवाली पहुंचकर कोतवाली टीआई का प्रभार संभाल लिया है।

### एक माह से 50 पर नहीं पहुंच पा रहा था फिगर मंगलवार को हुआ 200 पार

## चरितार्थ हुई सख्ती का डंडा पड़ने पर गूंगे भी बोल पड़ने की कहावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सख्ती का डंडा जब पड़ता है तो गूंगे भी बोल पड़ते हैं वाली कहावत बुधवार को नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 16 में समग्र आईडी को आधार से लिंक करवा कर ईकेवाईसी कराने के लिए लगाए गए शिविर में हुई थोकबंद ई केवाईसी को देखकर चरितार्थ होते दिखी। अभी तक एक माह से चल रहे इस अभियान में औसत 40 हितग्राही ही ई केवाईसी कराने पहुंच रहे थे लेकिन मंगलवार को यह आंकड़ा दो सैकड़ा को पार कर गया। यही नहीं इस वार्ड में हितग्राहियों को यह कहते हुए वापस लौटाया गया कि बुधवार को भी इसी स्थान पर शिविर लगाकर ई केवाईसी कराई जाएगी। ज्ञात हो कि सोमवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा ने टीएल में समीक्षा करते हुए ई केवाईसी करने में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए थे।

सोमवार को टीएल में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने ई केवाईसी की समीक्षा करते हुए इस बात पर नाराजगी जताई कि गांव गांव और वार्डों में लगाए जाने वाले शिविरों में सिर्फ 30 से 40 हितग्राही ई केवाईसी करा रहे हैं। उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ और सीएमओ को निर्देशित किया कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी ई केवाईसी करने में लगाई है उन्हें सख्ती से निर्देश दिए जाए। कलेक्टर के इस तेवर के बाद सीएमओ आरआर यादव ने नपा कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिए थे कि उनका वेतन तभी निकलेगा जब संतोष जनक काम होगा इसके बाद मंगलवार को जब वार्ड क्रमांक 16 में शिविर लगाया गया तो न सिर्फ दो सैकड़ा से अधिक हितग्राहियों की ई केवाईसी की गई बल्कि दो सैकड़ा हितग्राहियों के कागज भी जमा कर दूसरे दिन भी शिविर में ई केवाईसी करने का आश्वासन दिया गया है। शिविर प्रभारी इश्तियाक खान ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में लोग ई केवाईसी कराने आए थे अधिकतर लोगों के ई केवाईसी किए भी गए हैं कई लोगों के आधार कार्ड मोबाइल से लिंक नहीं थे उन्हें अपने आधार में मोबाइल लिंक करने या गलत नंबर को सही करने के लिए आधार केंद्र भेजा है ऐसे लोगों की ई केवाईसी इसी स्थान पर बुधवार को शिविर लगाकर की जाएगी।



### ई केवाईसी नहीं तो नहीं मिलेगा खाद्यान्न

ही केवाईसी नहीं होने पर हितग्राहियों को सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा जिसके पीडीएस दुकान से हर माह निशुल्क खाद्यान्न उठाने वाले हितग्राही भी प्रभावित होंगे। ज्ञात हो कि श्योपुर जिले में 98 लाख 549 हितग्राहियों में से करीब 50 लाख ने ई केवाईसी नहीं कराई थी जिनकी ई केवाईसी करने के लिए गांव-गांव और वार्ड वार्ड शिविर आयोजित किया जा रहे हैं।

### जाम से साढ़े तीन घंटे तक थमे रहे श्योपुर कोटा हाईवे पर वाहनों के पहिए

## बस्ती में लगी शराब की दुकान हटाने को लेकर फिर लगा जाम, लिखित आश्वासन पर माने लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बंजारा डैम के ऊपर हसनपुर हवेली बस्ती में शराब की दुकान लगाने को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन के बीच बस्तीवासियों द्वारा जाम लगा देने से श्योपुर कोटा हाईवे पर करीब साढ़े तीन घंटे तक वाहनों के पहिए थमे रहे। इस दौरान यात्रियों, सरकारी कर्मचारियों सहित दुकानदारों के भी पर जाम में फंस जाने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ी। सुबह 10:30 बजे लगा जाम दोपहर 2:00 बजे आबकारी विभाग द्वारा लिखित आश्वासन के बाद ही खुल सका।

करीब एक माह पूर्व शराब ठेकेदार ने देसी शराब की दुकान क्रमांक 1 को मछली मार्केट से शिफ्ट कर हसनपुर हवेली में लगा दिया था तब से ही बस्तीवासी इस दुकान को बस्ती में लगाने का विरोध करते आ रहे हैं। इससे पहले बस्ती वासियों ने दुकान पर पहुंच कर खूब हंगामा किया बाद में ठेकेदार और आबकारी विभाग ने बस्ती वासियों को के सामने दुकान का शटर लगाकर उन्हें दूसरी जगह दुकान शिफ्ट करने की बात कह कर मना लिया। इसी को लेकर बस्ती वासियों ने विधायक बाबू जंडेल के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर अर्पित वर्मा को ज्ञापन सौपा था जिन्होंने भी बस्ती वासियों का आश्वासन दिया था कि उनकी मर्जी के बगैर जबरदस्ती दुकान संचालित नहीं की जाएगी। लेकिन दुकान का संचालन बंद नहीं होने से दूसरे दिन फिर बस्ती वासियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क पर आंदोलन करते हुए जाम लगा दिया इस जाम के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम ने बस्ती वासियों को तीन दिन के भीतर दुकान दूसरी जगह शिफ्ट कर लेने का आश्वासन दिया था लेकिन आश्वासन को करीब एक माह गुजरने के बाद भी दुकान नहीं हटने पर मंगलवार को वार्ड वासियों ने फिर सड़क पर झाड़ लगाकर जाम लगा दिया और जोरदार प्रदर्शन कर डाला मौके पर पहुंचे एसडीम बीएस श्रीवास्तव, एसडीओपी राजीव गुप्ता और पुलिस फोर्स के समझाने के बाद भी बस्ती वासी जाम हटाने को राजी नहीं हुए बस्ती वासियों की मांग थी कि शराब की दुकान तत्काल हटाई जाए एसडीएम के निर्देश पर मौके पर पहुंचे आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा दुकान को सप्ताह भर के भीतर दूसरी जगह शिफ्ट कर लेने का लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद ही जाम हटाया। इस दौरान विधायक बाबू जंडेल, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा सहित कई कांग्रेसी भी प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गए जिन्होंने प्रशासन से जनहित में उक्त स्थान से दुकान हटाने की मांग की।





### शराब बेची जाएगी पिलाई नहीं जाएगी

बस्ती वासियों ने प्रदर्शन के दौरान एसडीएम और एसडीओपी को बताया कि शराब की दुकान पर शराबी देर रात तक बैठकर शराब पीते हैं और जिस जगह दुकान लगी हुई है वो बस्ती में आने जाने का एकमात्र रास्ता है शराबी शराब नशे में खड़े होकर पेशाब करते हैं इससे महिलाएं, युक्तियां और बच्चियों को शर्मसार होना पड़ रहा है। इस पर एसडीएम ने आबकारी विभाग को सख्त निर्देश दिए कि यह शराब का लाइसेंस सिर्फ शराब विक्रय को दिया गया है आहता नहीं खोला गया है। आबकारी अधिकारी उन्हें आश्वासन दिया कि जब तक दुकान दूसरी जगह शिफ्ट नहीं होगी तब तक विभाग का गार्ड यहां बैठेगा और किसी को भी शराब पीने नहीं दी जाएगी सिर्फ लोग शराब खरीद कर अपने घर ले जा सकेंगे।

## रेस्ट हाउस पर लगी जन संसद किसानों और आमजन की सुनी पीड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मंगलवार को श्योपुर मुरैना सांसद शिव मंगल सिंह तोमर ने जिला मुख्यालय के शिवपुरी रोड स्थित विश्राम गृह पर चौपाल लगाकर लोगों की समस्या सुनी। इस दौरान भाजपा नेता, जनप्रतिनिधियों ने भी उन्हें किसानों व आमजन से जुड़ी समस्याएं बताई।

भाजपा नेता चौधरी गिर्राज सिंह ने सांसद को विभिन्न मांगों का आवेदन दिया जिसमें, आवदा बाध की विशेष मरम्मत का प्रस्ताव 2023 मे टेडर एवं प्रशासकीय स्वीकृति के लिए गया था उसे स्वीकृत कराया जाने, नयागाव से आवदा नहर तक सात किमी एव खेडली राडेप से सलवान्या तक लोक निर्माण विभाग से रोड स्वीकृत करवाया जाने, राडेप एवं नयागाव ढोडपुर मे हाईस्कूल के लिए भवन स्वीकृत कराये जाने की मांग प्राथमिकता से अंकित की गई थी। इसके अलावा जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट ने किसानों के गेहूं खरीदी की तिथि बढ़ाने, कई नवीन सड़क निर्माण, बिजली समस्या सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर मांग पत्र सोपा। सांसद तोमर ने स्थानीय स्तर पर निराकृत हो सकने वाली मांगों का पत्र कलेक्टर अर्पित वर्मा को भेजा जो काम शासन स्तर पर होने हैं उन्हें भोपाल पहुंचकर सरकार के माध्यम से करवाने का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### पुलिस भर्ती में दो फर्जी अभ्यर्थी पकड़े, एफआईआर

**श्योपुर।** श्योपुर जिले में राज्य स्तर पर पुलिस भर्ती 2023 से चयनित होकर श्योपुर जिले में आए 23 अभ्यर्थियों में से दो अभ्यर्थियों के आधार कार्ड परीक्षण के दौरान संदिग्ध पाए गए हैं। जिनके खिलाफ कोतवाली थाना पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। एसपी वीरेन्द्र जैन ने बताया कि सोनू रावत पुत्र रामगोपाल रावत निवासी खनपुरा थाना सबलगढ़ जिला मुरैना और संतोष रावत पुत्र हरिशंकर रावत निवासी जाटौली थाना टेंटरा जिला मुरैना के दस्तावेज परीक्षण के दौरान आधार कार्ड संदिग्ध पाए गए हैं। पुलिस विभाग की परीक्षा के पहले और बाद में उनके आधार कार्डो में अपडेशन किया गया है। एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

### बाइक से गाय टकराई युवक घायल

**अशोकनगर।** कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम बरोदिया निवासी भैया पुत्र प्रताप सिंह उम्र 33 वर्ष को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अपस्ताल लाया गया है। जहां उपचार करा रहे घायल ने बताया कि उसने ऑनलाईन दवाईंया भोपाल से मंगाई थी जो अथाईखेड़ा आईं थी वह बाईक से अथाईखेड़ा गया जब वह दवाई लेकर अपने गांव वापिस आ रहा था। तभी गाय को बचाते समय वह बाईक से टकरा गई जिससे उसे चोटे आई हैं इस दौरान उसका पैर फैक्चर बताया जा रहा है।

### बाइक फिसले से युवक घायल

**अशोकनगर।** ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम मैनपुर निवासी दीपक पुत्र हरिओम रघुवंशी को घायल अवस्था में उपचार के जिला अस्पताल लाया गया है। जहां घायल ने बताया कि वह बाजार से अपने गांव वापिस जा रहा था। तभी सड़क पर बाईक फिसलने से उसे चोटे आई हैं।

### तेज हवा से बाइक फिसली युवक घायल

**अशोकनगर।** देहात थाने के अतंर्गत ग्राम आमखेड़ा निवासी गौरव पुत्र गोपालसिंह कुशवाह को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है जहां परिवार जनों ने बताया कि युवक बाईक से बाजार आया था और वह वापिस अपने गांव जा रहा था तभी ग्राम भेटुआ के समीप तेज हवा चलने से बाईक फिसल गई जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### सीने में दर्द की शिकायत के बाद ग्रंथी की मौत

**अशोकनगर।** पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम गरेंठी गुरूद्वारा में एक वर्ष से 75 वर्षीय ग्रंथी जगदीश सिंह सिक्ख पूजा-पाठ कर रहे थे रविवार को देर शाम सीने में दर्द होने की शिकायत के बाद उन्हें अशोकनगर मुख्यालय पर प्राइवेट नर्सिंग होम मे उपचार के लिए लाया गया था जहां डॉक्टरों ने प्रांरिभक जांच के बाच उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण राजद्वीप ने बताया कि ग्रंथी जगदीश सिंह सिक्ख उम्र 75 वर्ष लुधियाना के निवासी थे उन्हे एम्बुलेंस से शिवपुरी और शिवपुरी से दूसरी एम्बुलेंस से उन्हें लुधियाना उनके गृह ग्राम भेजा गया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परासरी निवासी बैजनाथ यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गुंलदर यादव, कृष्णपाल यादव ने उससे मारपीट की। कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत कचनार निवासी बंटी जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शिवशंकर भार्गव ने उससे मारपीट की। ग्राम भटोली निवासी शीलकुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विजय यादव ने उससे मारपीट की।

### उपार्जन संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जित किये गये गेहूँ का भण्डारण वेयरहाउस यथाशीघ्र कराया जाए। जिससे गेहूँ को सुरक्षित रखा जा सके। इस आशय के कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित उपार्जन संबंधी समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए।

---

### आचनक मौसम ने बदली करवट, जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

# तेज आंधी और हवा के कारण मोबाइल टावर गिरा, धूल के गुबार देखे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





सोमवार को फिर मौसम ने करवट बदली देखते ही देखते मौसम धूल और आंधी में तब्दील हो गया। जिसके कारण कई दुकानों का सामान उड़ गया। कईं घरो के साथ शादी-विवाह जहां आयोजन थे वहां भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस आंधी और हवा के कारण शाढौरा क्षेत्र के विजयपुर गांव में एक मोबाईल टॉवर जमीन पर आ गिरा।

पिछले तीन दिनो से जिले में मौसम बदला हुआ है कब काली घटाएं आ जाएं कब तेज आंधी और हवा रोद्र रूप धारण करले कोई पता नही है। दोपहर 12:00 के बाद जिले का मौसम आंधी और हवा में तब्दील हो गया। कईं दुकानों का सामान उड़ गया तेज आंधी के कारण गांव-गांव में शादियां होने के कारण उनके विवाह के टेंट उड़ गये, कईं जगह पेड़ भी धरासायी हो गये। बिजली की आपूर्ति भी प्रभावित रही कईं घंटे बिजली बंद रही। शाढौरा क्षेत्र के विजयपुर गांव में बीएसएनएल का टॉवर उखरकर नीचे गिर गया। पलकाटोरी में एक विवाह के आयोजन में आंधी और हवा ने कोहराम मचाया यहां शादी में लगाया गया टेंट उखरते हुए देखा गया।

**मुंगावली मंडी में बड़ा हादसा**

तेज आंधी से 150 फीट लंबा टीन सेट गिरा, लोगों ने पहले ही खाली कर दी थी। मुंगावली की पुरानी कृषि उपज मंडी में सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा हुआ। तेज आंधी के कारण मंडी का 150 फीट लंबा टीन सेट गिर गया। टीन सेट के चारों ओर लगे लोहे के एंगल टूट जाने से यह हादसा हुआ। उसी के ऊपर सीमेंट की चादर चढ़ी थी। घटना के समय वहां केवल एक ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी थी। इससे पहले वहां काफी लोग मौजूद थे। तेज आंधी शुरू होने पर लोगों ने सुरक्षित स्थान पर शरण ले ली थी। इसी दौरान वर्षों पुराना टीन सेट धराशायी हो गया।

टीन सेट के गिरने की आवाज से आसपास के लोग सहम गए। जब आंधी-तूफान और बारिश रुकी, तब लोगों को टीन सेट के गिरने का पता चला। स्थानीय लोगों के अनुसार, आमतौर पर इस टीन सेट के पास काफी लोग बैठे रहते थे। मौसम खराब होने के कारण लोगों के वहां से निकल जाने से कोई हताहत नहीं हुआ। सोमवार दोपहर को जिले में अचानक मौसम बदला और करीब आधे घंटे तक तेज आंधी चलती रही। मौसम की सतर्कता से बड़ी जान-माल की हानि टल गई।

---

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

## अधिकारियों को ई. आफिस प्रणाली का बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासन के निर्देशानुसार ई-आफिस प्रणाली का क्रियान्वयन विभागीय अधिकारी बेहतर ढंग से करें। साथ ही सी.एम.हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान जिला अधिकारियों को दिए।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा, संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, आर.बी.सिण्डोस्कर, एवं जिला अधिकारी तथा गूगल मीट से जुड़े अधिकारी शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का जनहित में क्रियान्वयन किया जा रहा है। सभी विभागों की प्राथमिकता है कि अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुँचे। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागों द्वारा ई-आफिस के माध्यम से कार्य प्रारंभ किए जाएं।विभागों द्वारा ऑफलाइन फाइलें न भेजी जाएं। बैठक में सी.एम.डेशबोर्ड की रेकिंग तथा पोर्टल पर विषय संबंधित इंद्राज किए जाने की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय सांसद द्वारा चंदेरी, मुंगावली तथा अशोकनगर में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा कर निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में शासकीय जर्जर भवनों की सूची विभागों द्वारा तैयार की जाए। जिससे इन भवनों की मरम्मत तथा जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा सके। उन्होंने मानव आधिकार आयोग से प्राप्त होने वाले पत्रों का उत्तर समय से भेजने के निर्देश दिये।

---

## ‘चिकित्सालयों में सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति अच्छा वातावरण बनाएं’



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

चिकित्सालयों में सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति अच्छा वातावरण बनाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं के संबंध में पावर प्रेजेन्टेंशन के माध्यम से विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर का सूचकांक निर्धारित फार्मूले के तहत निकाला जाए। इस संबंध में डीपीएम द्वारा सही जानकारी प्रस्तुत न करने पर सात दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए। बैठक में अनमोल पोर्टल पर दर्ज गर्भवती महिलाओं के रजिस्ट्रेशनकी ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं को शासन द्वारा प्रदत्त सभी लाभ समय पर मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों में एनीमिया की रोकथाम हेतु सतत परीक्षण कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती माताओं एवं बच्चों का टीकाकरण कराये जाने के निर्देश सभी बीएमओं को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि बीएमओं के माध्यम से संबंधित क्षेत्र के सीडीपीओं से समन्वय स्थापित कर धात्री माताओं एवं बच्चों का टीकाकरण शत प्रतिशत पूर्ण कराया जाए। बैठक में मलेरिया एवं डेंगू की रोकथाम हेतु कार्ययोजना तैयार किये जाने के निर्देश जिला मलेरिया अधिकारी को दिए।

---

### शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**अशोकनगर।** शासकीय आई.टी.आई. मोहरी राय अशोकनगर में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन के मध्यप्रदेश के किसी भी कियोस्क से साईट के माध्यम से 31 मई 2025 तक आवेदन कर सकते है। जिसकी च्वॉटइस फिलिंग 10 मई से शुरू होगी। आईटीआई प्राचार्य अनिल सैनी ने बताया कि शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए डीएसडी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। प्रशिक्षणार्थी वर्तमान में शासकीय आईटीआई अशोकनगर में संचालित एनसीवीटी, एफिलिएटेड 06 व्यवसायों (ट्रेडो) इलेक्ट्रीशियन, फिटर , मेकेनिक मोटर व्हीकल, मेकेनिक डीजल, वेल्डर, कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट कोपा में, रिक्त कुल 200 सीटों पर प्रवेश ले सकते है । शासकीय आईटीआई मुंगावली में एससीवीटी एफिलिएटेड व्यवसाय (ट्रेड) इलेक्ट्रीशियन मे, रिक्त कुल 20 सीटों पर प्रवेश ले सकते है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अपनी 10 वीं की अंकसूची एवं आधारकार्ड के अनुसार ही करें।

---

दांत या छिंगली में दर्द भी हो सकता है अटैक का कारण: डॉक्टर्स

## आरोग्य भारती ने किया संगोष्ठी का आयोजन विशेषज्ञों ने बताए अटैक के कारण और बचाव






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर में बीते कुछ समय से हार्ट अटैक के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आए दिन कम उम्र के लोगों में अटैक के केस देखे जा रहे हैं। लगातार बढ़ते हृदय घात और इससे बचाव विषय को लेकर आरोग्य भारती और रेड क्रॉस सोसायटी ने पहल करते हुए एक संगोष्ठी का आयोजन किया।

स्थानीय सरस्वती स्कूल सभागार में हुई ऐतिहासिक संगोष्ठी में शहर के जाने माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. डीके जैन, डॉ. मनीष चैरसिया, डॉ. सुदीप जैन और डॉ.आरके राहुल आदि ने अटैक आने के कारण ओर उनसे बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संगोष्ठी के दौरान शहर के जाने माने हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. डीके जैन ने बताया कि आज के दौर में सिर्फ सीने में दर्द या जकड़न ही अटैक के संकेत नहीं बल्कि दांतों या छिंगली में दर्द भी अटैक आने के संकेत हैं। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी आएगा जब छोटे बच्चों में तक अटैक आने के केस सामने आने लगेंगे। वहीं डॉ. सुदीप जैन ने आज कल की दिनचर्या पर बोलते हुए कहा कि लोगों का खान पान और दिनचर्या अस्त व्यस्त है। रात के समय 7 या 8 बजे से पहले भोजन कर लेना चाहिए। और गलत जानकारियों से बचना चाहिए। वहीं डॉ. मनीष चैरसिया ने कहा कि दिनचर्या संतुलित ओर संयमित रहेगी तो काफी समस्याओं से बचा जा सकता है। साल में एक बार आवश्यक रूप से जांच कराना बेहद जरूरी है। साथ ही जंक फूड खाना भी बेहद नुकसान देह है। इसके अलावा डॉ. आर के राहुल ने बताया कि अटैक आने से पहले शरीर में अलग अलग तरह के संकेत देता है। इसलिए समय समय पर चेकअप और चिकित्सकों की सलाह लेना बेहद आवश्यक है। वहीं इस मौके पर चिकित्सकों ने हार्ट अटैक के दौरान प्राथमिक तौर पर दिए जाने वाले उपचारों और दवाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। वहीं चिकित्सकों ने बताया कि बारातों में डीजे की तेज साउंड में डांस करने से बचना भी बेहद जरूरी है। शरीर पर अधिक जोर देना और अनावश्यक खुद पर प्रयोग करने से भी बचें साथ ही अधूरी जानकारी भी समस्याओं को निमंत्रण देती है। संगोष्ठी में चिकित्सकों ने तमाम सवालों के जवाब देते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव देने के अलावा उपचार भी बताए। संगोष्ठी के अंत में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले मृतकों को श्रंद्धाजलि स्वरूप दो मिनिट का मौन भी किया गया ।

कार्यक्रम का संचालन आरोग्य भारती के अध्यक्ष डॉ. जयमंडल सिंह यादव ने और स्वागत भाषण रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉ. दीपक मिश्रा ने दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. हरवीर रघुवंशी,डॉ. राजकुमार शर्मा, संजय श्रीवास्तव, अशोक लोधी आदि रहे मौजूद।

---

## एनपीके खाद के उपयोग व नरवाई न जलाने हेतु कृषकों को किया जागरूक



**अशोकनगर।** उप संचालक कृषि के.एस.कैन ने बताया कि विभिन्न ग्रामों में कृषकों को एनपीके खाद के उपयोग एवं नरवाई न जलाने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को ग्राम रतभानपुर विकासखंड मुंगावली में कृषकों की चैपाल लगाई गई। किसान भाइयों को सलाह दी गई की डीएपी के स्थान पर एनपीके ग्रेड के उर्वरक जिसमें मुख्य रूप से 20:20,0:13, 12:32,16:,16, 16:16 ग्रेड के खादों का प्रयोग जरूर करें। एनपीके खाद में अतिरिक्त तत्व पोटाश एवं सल्फर मिलता है जो की अच्छे उत्पादन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके उपयोग करने से फसल का दाना अच्छा होता है, वजनदार होता है, उसकी चमक अच्छी होती है। फसल को कीट व्याधियों से बचाता है और उत्पादन में वृद्धि होती है। किसान भाई एनपीके ग्रेड के उर्वरकों का प्रयोग जरूर करें स साथ ही किसान भाइयों से नरवाई न जलाने के लिए अपील की गई एवं उससे होने वाली हानियां एवं जुर्माना के संबंध में विस्तार से किसानों को बताया गयास जिले में वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। जिसमें यूरिया 11985 मैट्रिक टन, एनपीके ग्रेड के उर्वरक 4998 मैट्रिक टन एवं एसएसपी 5887 मेट्रिक टन इस प्रकार से जिले में कुल 22870 मैट्रिक टन खाद उपलब्ध है। किसान भाई खाद का अग्रिम उठाव कर सकते हैं।

---

## स्टार्स प्रोजेक्ट अंतर्गत शिक्षकों के प्रशिक्षण का हुआ समापन

**राजपुर।** स्टार्स प्रोजेक्ट अंतर्गत संस्था प्रधान के पांच दिवस के प्रशिक्षण का समापन डाइट अशोकनगर में किया गया जिसमें सभी शिक्षकों को विद्यालय की नेतृत्व विकास की क्षमता के बारे में बताया गया। बीआरसीसी विनोद कुमार सिहारे ने सभी शिक्षकों को विद्यालय में नेतृत्व क्षमता आधारित कार्यक्रम का शासन की मंशा अनुरूप कराए जाने हेतु प्रेरित किया गया एवं विद्यालयों में अनुकूल वातावरण बनाते हुए साफ़ सफाई, वृक्षा रोपण एवं जल संबर्धन के बारे में भी समस्त शिक्षको को विस्तार पूर्वक समझाया गया। इस अवसर पर बीएसी जगमोहन सिंह यादव, बीएसी भगवत नामदेव, मास्टर ट्रेनर्स प्रसन्न जैन, अनूप जैन, राजपाल पंथी, कमल कुशवाह, महेश पंथी सहित अन्य सहयोगी शिक्षक उपस्थित रहे।



---

### गौवंश को लेकर पशुपालन विभाग गंभीर नहीं, हादसे का शिकार हो रहे हैं गौवंश

# 68 गौशालाओं के बाद भी गौवंश शहर की सड़कों पर रहने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






जिले में पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए गौशालाओं का निर्माण जिले भर में किया जा रहा है। शासन की इस योजना के तहत जिले भर में 68 गौशालाओं का निर्माण अब तक किया गया है जिनमें पशुओं को रखा जा रहा है। जितने पशु गौशालाओं में रह रहे हैं उससे ज्यादा पशु जिले भर की सडकों पर बैठे नजर आते हैं। अगर गौशालाएं बनी हैं तो पशु सडकों पर क्यों हैं ये सवाल आमजनो के बीच बना हुआ है। इन हजारों पशुओं के सड़कों पर बैठे रहने के कारण आये दिन वाहन चालक भी वाहन निकालने के चक्कर में सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे है।

गायों को लेकर हर सरकार चिंता जताती है उनको सुरक्षा प्रदान करने की बात करती है लेकिन जो गाय सडकों पर दिखाई देती है वह यह बताने के लिए काफी हैं कि गायों को सुरक्षित करने की दिशा में कोई काम नहीं हो रहा है। गौशालाओं को लेकर जीव दया के अवतार आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने पूरे देश भर में गायों को बचाने की मुहिम शुरू की थी जिसमे सार्थक प्रयास भी सामने आये हैं। हर जिले में कईं गौशाएं देखने मिल सकती हैं। उन गौशालाओं का निर्माण जैन समाज ने अपने स्तर पर किया है। इन गौशालाओं में हजारो पशु आज भी जीवन-यापन कर रहे हैं। अशोकनगर की दयोदय पशुशाला इसका जीवंत प्रमाण है।

शासन की योजना के अंतर्गत गायों को बचाने के लिए प्रत्येक पंचायत में एक गौशाला का निर्माण किया जाना है लेकिन जिला पशुचिकित्सा सेवाएं अशोकनगर के रिकार्ड के अनुसार जिले में 68 गौशालाएं ही संचालित हैं। प्रत्येक गौशाला में 100 गायों को रखने के प्रबंध किये गये हैं। इसके विपरीत जिले में कुल 115 गौशालाओं का निर्माण होना है जिनमे 68 चालू हैं और 35 शुरू होने की कगार पर हैं यह इसलिए शुरू नहीं हो पा रही है कि इनका पंजीयन ग्राम पंचायतो द्वारा गौसंर्वधन बोर्ड में नही कराया गया है। कई गौशालाओं में बोरवेलों से पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है,तो कही बिजली नहीं है तो कहीं गौशालाओं में चरनोई भूमि की समस्या भी देखी जा रही है। ऐसी कईं तकनीकी समस्याओं के चलते शेष गौशालाओं में ग्राम पंचायतों की रूचि नहीं देखी जा रही है। पशुपालन विभाग द्वारा प्रतिदिन गौसेवा एप पर गौशाला संचालकों द्वारा जानकारी शासन को भेजी जाती है इस जानकारी का सत्यापन भी पशुपालन विभाग के नोडल अधिकारीयों द्वारा किया जाता है। अधिकारियों के सत्यापन के बाद जिला पशुविभाग के अधिकारी इन गौशालाओं का सत्यापन करते हैं। पशुओं के स्वास्थ्य एवं उपचार के लिए संबंधित अस्पताल के जिला नोडल अधिकारी जिम्मेदार होते हैं वह अपनी गौशालाओं में रह रहे पशुओं के स्वास्थ्य का परीक्षण करते हैं।

गायों को उपचार के लिए शासन द्वारा चलित यूनिट जिले में 5 भेजी गई हैं जिनका हेल्पलाईन नम्बर 1962 है इस नम्बर पर कॉल करने के बाद वाहन बताए गये स्थान पर पशुओं का उपचार करने के लिए जाता है। इसमे पशु को केन्द्र तक लाने के लिए 150 रूपये पशुपालक से लिए जाते हैं। जिले में 8 गौशालाएं प्राइवेट हैं इनमें जैन समाज की दयोदय गौशाला में 1650 पशु रह रहे हैं। जबकि जिले की 68 गौशालाओं में शासकीय तौर पर 6800 पशु होना बताया गया है। जबकि कलेक्टेट रोड पर ही जहां से प्रशासनिक अधिकारी एवं पशुपालन अधिकारी प्रतिदिन अपने घर और आफिस जाते है। इन सडकों पर बेसहारा पशु बैठे रहते हैं इसके बावजूद में जिला प्रशासन द्वारा पशुओं को गौशालाओं में भेजने का कार्य नहीं किया जा रहा है। जबकि शासकीय गौशालाओं के लिए 10 रूपये प्रति गाय के मानदेय से गायों को पशुचारा के लिए प्रदान करती थी अब भाजपा सरकार ने यह मानदेय 20 रूपये प्रति पशु कर दिया गया है। शासन द्वारा मानदेय की राशि भी गौशालाओं को प्रदान कर दी है। उक्त कितनी गौशालाओं में बोरवेल बंद हैं,लाईन नहीं हैं और कितनी गौशालाओं में चरनोई भूमि होने के बाद भी गौशालाओं को भूमि उपलब्ध नही कराई गईं उक्त जानकारी पशुपालन विभाग में नही है। इससे प्रश्न उठता है कि जिले में जो गौशालाएं संचालित की जा रही हैं वो सब राम भरोसे चल रही है।

**निराकरण करेंगे**

जिले में 68 गौशालाएं हो रही हैं शेष गौशालाओं का रजिस्ट्रेसन होना है यह बात सही है कि कईं गौशालाओं में पानी की कमी है और कईं जगह बिजली कनेक्शन नहीं है इस समस्या का भी निराकरण किया जा रहा है।

**डॉ. प्रभात दंडोतिया,** पशु चिकित्सालय